फा.सं.25-।(05)/2020-एएचडी/एआर
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
(एआर अनुभाग)
*****

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 17 मार्च, 2021

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में फरवरी, 2021 का मासिक सारांश।

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा फरवरी, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

सर्वेश्वर माझी
(सर्वेश्वर माझी)
उप सचिव (जीसी/पीसी)
फोन: 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
2. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
4. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
8. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड,नई दिल्ली।
11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।

17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)
3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव
4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव
5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

फा.सं. 25-।(05)/2020-एएचडी/एआर
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
********

फरवरी, 2021 माह के दौरान लिये गये महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां।

1. गोपशु और डेयरी विकास:

i. विभाग ने 11.02.2021 को आयोजित परियोजना मंजूरी समिति की बैठक में 4 पूर्वोत्तर राज्यों, नामत: मणिपुर, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा में 6 परियोजनाओं को राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू करने के लिए 58.96 करोड़ रू. की कुल लागत (केंद्रीय हिस्सा 54.27 करोड़ रू.) के साथ अनुमोदित किया है। परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य राज्यों में बल्क दुग्ध कूलरों की स्थापना, दुग्ध प्रसंस्करण और विपणन अवसंरचना का निर्माण/सुदृढ़ीकरण और दुग्ध परीक्षण सुविधाओं को मजबूत करना है।

ii. एनडीपी-। योजना के वित्तीय समापन की स्थिति की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय डेयरी योजना-। (एनडीपी-।) की राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 15.02.2021 को आयोजित की गई थी।

iii. अंतर्राष्ट्रीय डेयरी परिसंघ (आईडीएफ) की भारतीय राष्ट्रीय समिति (आईएनसी) की बैठक सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ 15.02.2021 को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई थी।

iv. सचिव, एएचडी ने 16.02.2021 को आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग कांउसिल की छठी बैठक में भाग लिया था।

v. सचिव, एएचडी ने 09.02.2021 को आयोजित आकांक्षी जिलों संबंधी कार्यशाला में एक प्रेजेंटेशन दिया।

vi. सचिव, एएचडी ने वैक्सीन अनुमोदन प्रक्रिया और कोविड-19 वैक्सीन के विनिर्माण हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की क्षमताओं का लाभ उठाने संबंधी समीक्षा करने के लिए कोविड-19 के प्रति सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया पर मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में 24.02.2021 को आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में भाग लिया।

2. पशुधन स्वास्थ्य:

i. केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, गुजरात, जम्मू और कश्मीर तथा उत्तर प्रदेश राज्यों में कुक्कुट/बत्तखों में एवियन इंफ्लूएंजा (H5 और H5N8) के प्रकोप की पुष्टि हुई थी। हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, बिहार तथा पंजाब राज्य में भी कौवों/प्रवासी पक्षियों में एवियन इंफ्लूएंजा की पुष्टि हुई थी। राज्यों से एवियन इंफ्लूंएजा की रोकथाम, नियंत्रण और निवारण संबंधी कार्य योजना के अनुसार उचित कार्रवाई करने का अनुरोध

किया गया। प्रभावित राज्यों को पोस्ट ऑपरेशन निगरानी योजना (पीओएसपी) दिशानिर्देश जारी किये गये। कार्य योजना के अनुसार स्वच्छता और पक्षियों को मारने (कलिंग) संबंधी प्रक्रिया चल रही है।

ii. राज्य, एवियन इंफ्लूएंजा की तैयारी, नियंत्रण और निवारण के लिए संशोधित कार्य योजना, 2021 के आधार पर उनके द्वारा अपनाए गए नियंत्रण उपायों के संबंध में विभाग को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग कर रहे हैं। विभाग सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे ट्विटर, फेसबुक हैंडल्स आदि के माध्यम से एवियन इंफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

iii. मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में ग्लेंडर्स की घटना की पुष्टि होने पर, विभाग ने राज्यों से जू स्वच्छता उपायों को अपनाने, इक्वाइन के आवागम को मॉनिटर/प्रतिबंधित करने और संक्रमित क्षेत्र से रोग को आगे फैलने से रोकने के संबंध में बताया है।

iv. विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनडीएमए) को यह सलाह दी कि वह विदेशी और अन्य खतरनाक रोगों, जिनमें पशुओं का वध (एआई, एएसएफ आदि जैसे वायरल रोगों में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए विशेष क्षेत्र के अंदर किया जाता है) करना अनिवार्य है और राज्य द्वारा अधिसूचना के तहत इसकी अनुशंसा की जाती है, के संबंध में किसानों को होने वाले पशुधन नुकसान के लिए सहायता प्रदान करने हेतु रिकवरी और पुननिर्माण दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्रावधान करें।

v. रिस्क कंसीडरेशन और डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के तहत, विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनडीएमए) को सूचित किया कि कार्य योजनाओं और प्रस्तावों का समर्थन करते हुए, एनडीएमए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जोखिम कंसीडरेशन को ध्यान मे रखने और आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 36 और 37 के अनुसार डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने की सलाह देगा।

vi. खुरपका और मुंहपका रोग (एफएमडी) वैक्सीन विनिर्माण के अनुकूलीकरण हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को वैक्सीन निर्माताओं के परामर्श से अंतिम रूप दे दिया गया है और वैक्सीन परीक्षण जल्द ही शुरू हो जायेगा। विभाग 'टेक्निकल मैन्युफैक्चरिंग एंड इन प्रोसेस कंट्रोल सपोर्ट फॉर मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर्स' के अलावा वैकल्पिक परीक्षण कार्यनीतियों संबंधी प्रयोगशाला तकनीकों के लिए बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) और वर्ल्ड रेफेंरस प्रयोगशाला (डब्लूआरएल), पिरब्राइट इंस्टीट्यूट के साथ मिल कर काम कर रहा है।

**3. <u>राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम):</u>**

**i.** पशुपालन अवसंरचना विकस निधि (एएचआईडीएफ) के तहत स्थापित परियोजना अनुमोदन समिति ने फरवरी, 2021 के महीने के दौरान ब्याज सहायता योजना के तहत 472.995 करोड़ रूपए की ऋण सहायता राशि अनुमोदित की।

**ii.** भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड (एडब्लूबीआई) ने 16.02.2021 को प्राणि मित्र और जीव दया पुरस्कार प्रदान किये और 14 व्यक्तियों और संगठनों को पशु कल्याण में उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया।

4. **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) :**

i. संयुक्त सचिव (आईसी) और श्री स्टीफन केसेन, कस्टम अताशे, बेल्जियम दूतावास के बीच 07.02.2021 को एक शिष्टाचार बैठक हुई थी। बैठक के दौरान, अन्य बातों के साथ-साथ भारत को बेल्जियम घोड़ों के निर्यात और भारत को पोर्क मीट के निर्यात के लिए पशुचिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया।

ii. संयुक्त सचिव (आईसी) और सुश्री मारिया फ्लैडल, काउंसलर-आर्थिक और व्यापार मामले, भारत में यूरोपिय संघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच पशु स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मदों (जैसे कि क्षेत्रीयकरण, पशुचिकित्सा प्रमाणपत्र) की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श करने और पशु स्वास्थ्य पर अगले तकनीकी कार्यकारी समूह का आयोजन करने की संभावना का पता लगाने के लिए 10.02.2021 को एक बैठक हुई।

iii. संयुक्त सचिव (आईसी) और सिंगापुर उच्चायोग की प्रथम सचिव, सुश्री अमांडा क्वेक के बीच 10.02.2021 को एक बैठक हुई। बैठक के दौरान व्यापार से संबंधित मुद्दों जैसे हीट-ट्रीटेड कुक्कुट मांस उत्पादों के निर्यात के लिए प्रस्तावित स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, गैर-डिब्बाबंद पोर्क के सिंगापुर से भारत निर्यात के लिए प्रस्तावित स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और सिंगापुर को शुद्ध भारतीय नस्लों और घुड़दौड़ के घोड़ों के निर्यात के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

5. **सोशल मीडिया गतिविधियां:**

इस महीने के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज पर 38,518 फॉलोवर्स द्वारा ट्वीट किया गया। सोशल मीडिया गतिविधियों के तहत 206 रचनात्मक पोस्ट किये गये, 1986 री-ट्वीट किये गये, 6 वीडियो और जीआईएफ बनाये गये। विभाग के फेसबुक पर 1,23,269 फॉलोवर्स हैं। विभाग का कू एकाउंट चालू किया गया और इस पर 3556 फॉलोवर्स हैं।

*******